लगाम लगाई जा सकेगी प्रदेश में अब

मानसरोवर में बनने वाले सिटी पार्क में होंगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं : शांति धारीवाल

पार्क के ओपन जिम में आमजन की सेहत के लिए विशेष रूप से फिटनेस ट्रेनर और वेलनेस कोच भी रखे जाएंगे

जयपुर (कार्स)। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने सोमवार को मानसरोवर पहुंचकर यहां बनने वाले सिटी पार्क और फाउंटेन स्कवायर के प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत और आयुक्त पवन अरोड़ा भी मौजूद थे।

दरअसल 52 एकड़ जमीन पर यह पार्क जयपुर के सेंट्रल पार्क से भी बड़ा विकसित होगा। मंत्री धारीवाल ने कहा कि कई वर्षों से खाली पड़ी इस जमीन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आमजन के लिए बड़ा पार्क तैयार करने को कहा था। हाऊसिंग बोर्ड ने जिस तरह से कोरोना संकट और लॉकडाउन के बीच इस प्रोजेक्ट पर तेज गति से काम शुरू किया, वह काबिले तारीफ हैं। अगर इसी स्पीड से काम हुआ तो अगले साल तक पार्क तैयार हो जायेगा। इसमें साढ़े तीन किलोमीटर का जॉगिंग और वॉकिंग ट्रेक बनेगा। इस पार्क में 32 प्रजातियों के 21 हजार पेड़ लगाये जाएंगे, मुख्यमंत्री गहलोत इस अभियान का शुभारंभ करेंगे।

- **मध्यम मार्ग पर बनेगा एंट्रेंस प्लाजा, पार्किंग और खाने की होगी विशेष व्यवस्था**

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने मानसरोवर पहुंचकर हाऊसिंग बोर्ड द्वारा बनाये जा रहे सिटी पार्क के प्रोजेक्ट का जायजा लिया। उनके साथ आवासन मंडल के अध्यक्ष भास्कर ए.सावंत और आयुक्त पवन अरोड़ा भी मौजूद थे। फोटो-राष्ट्रदूत

यूडीएच मंत्री ने कहा कि इस सिटी पार्क को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ विकसित करेंगे। इसमें वुडलैण्ड पार्क, मीडो गार्डन, लैब्रिनिथ गार्डन, चिल्ड्रन पार्क, कलर गार्डन, फर्न हाउस, पाम गार्डन, मेज गार्डन, बॉटनिकल सैशन, इनर्टल वॉकवे, डिस्कवरी प्ले ग्राउंड, फिटनेस टेल्स, ग्राउंड टैरेस, व्यू डेक, आउटडोर जिम, नेशनल फ्लैग पोस्ट, बर्ड लेक, बो ब्रिज, बेनयन कोर्ट, लैक पैवेलियन, लिली पोंड स्कल्पचर, एक्सपोसिशन प्लाजा, रेस्टोरेन्ट आर्केड और एक्सपोसिशन पैवेलियन बनवाया जायेगा। यहां ओपन जिम के साथ आमजन की सेहत के लिए विशेष रूप से फिटनेस ट्रेनर और हेल्थ व वेलनेस कोच उपलब्ध रहेंगे। मंत्री धारीवाल ने बताया कि इस पार्क में रंग-बिरंगे विभिन्न प्रजातियों के फूलों और फलों वाले पेड़-पौधे लगाएंगे। सेंट्रल पार्क जितनी ऊँचाई का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी यहां फहरेगा। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि इस पार्क का मुख्य प्रवेश मध्यम मार्ग से होगा, जहाँ बड़ा एंट्रेंस प्लाजा बनाया जाएगा। इसके अलावा इसके 3 और प्रमुख गेट होंगे, जोकि न्यू सांगानेर रोड, वीटी रोड और अरावली रोड पर होंगे। सभी गेटों के पास ही पार्किंग की भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी। पार्क के चारों तरफ फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट्स के लिए भी जगह रखी गई है, जहां आने वाले लोग और पर्यटक अलग-अलग प्रांत और देशों के भोजन का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि आमजन के मनोरंजन और घूमने के लिए मध्यम मार्ग के दूसरी तरफ लगभग 40 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में एक फाउंटेन स्क्वायर बनाया जा रहा है, जहाँ पर म्यूजिकल फाउंटेन होगा और प्रोजेक्टर के माध्यम से भी फाउंटेन पर संगीत के साथ-साथ लघु चल चित्र भी प्रदर्शित होंगे। यहां त्यौहारों पर सांस्कृति कार्यक्रम होंगे।